Chapter- 12

पौधे कहते

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए परम आवश्यक है।
- वे दूसरों की भलाई करते हैं परंतु किसीको दुख नहीं देते।
- वे हमें फल, फूल देते हैं।
- मनुष्य अधिक फसल पाने के लिए पौधों में रसायन खाद देते हैं।
- इससे मिट्टी जहरीली बन जाती है। फल, फूल सभी में जहरीलापन भर जाता है।
- उन फल, फूलों को खाने से ये जहर हमारे शरीर में भी आ जाता है।
- हमें कई प्रकार की बीमारियाँ होती है।
- इसलिए हमें पेड़ों को तथा स्वयं को बचाने के लिए रसायनिक पदार्थों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
- इससे संसार में सभी सुखी रहेंगे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अभ्यास के लिए

मौखिक

१. **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –**

नन्हे	प्यारे	मिट्टी
रसायन	बीमारी	पौधे
जन्म	संसार	
जहरीला	निर्मल	

२. **कम से कम शब्दों मे उत्तर दीजिए –**

क) पौधे किसके सामने हाथ पसार रहे हैं ?

उ- पौधे हम मनुष्यों के सामने हाथ पसार रहे हैं।

ख) पौधों का जन्म किसलिए होता है।

उ- पौधों का जन्म दूसरों की भलाई के लिए होता है।

ग) मिट्टी को बरबाद कैसे किया जा रहा है ?

उ - इन्सान अधिक फसल पाने के लिए मिट्टी में रसायनिक खाद दे रहे हैं, जिससे मिट्टी बरबाद हो रही है।

घ) संसार को सुखी रखने के लिए क्या करना होगा ?

उ - संसार को सुखी रखने के लिए विषैले रसायनिक पदार्थों का प्रयोग बंद करना होगा।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित

१. सही मिलान कीजिए –

क)	मीठे फल हैं तुम्हे खिलाते	i)	सुखी रहे सारा संसार
ख)	पर तुम डाल रसायन खाद	ii)	विष अपने तन में ले जाते
ग)	जिसको धरती माँ कहते हो	iii)	करते मिट्टी को बरबाद
घ)	तुम सब जब ये फल हो खाथे	iv)	फूलों से मत खूब रिझाते
ङ)	विष को त्याग हमें दो प्यार	v)	उसको जहरीला करते हो

उत्तर – (क) – (iv), (ख) – (iii), (ग) – (iv), (घ) – (ii), (ङ) - (i)

२. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क) नन्हे पौधे स्वयं को बचाने के लिए क्यों कह रहे हैं ?

उ - पेड़-पौधे हमारे जीवन के प्रमुख हिस्से है। परंतु हम अपने कार्यों द्वारा इन्हे नुकसान पहुँचा रहे हैं। इसलिए ये नन्हे पौधे स्वयं को बचाने के लिए कह रहे हैं।

ख) हमें पेड़-पौधों से क्या-क्या मिलता है ?

उ - हमें पेड़-पौधों से फ़ल, फूल, पत्ते, लकड़ियाँ, जड़ी-बूटियाँ, छाया आदि मिलता है।

ग) मनुष्य मिट्टी को कैसे नुकसान पहूँचा रहा हैं ?

उ - मनुष्य अधिक फल पाने के लिए रसायनिक खादों का प्रयोग कर रहा है। जिससे मिट्टी भी जहरीली हो रही है।

घ) मानव शरीर में जहर कैसे पहुँचता है ?

उ - मानव द्वारा दिये गये रसायनिक खादों के कारण मिट्टी जहरीली हो रही है और इसी जहरीली मिट्टी में उगे पेड़ों के फल खाने से मानव शरीर में जहर पहुँच रहा है।

ङ) सारा संसार सुखी कब हो सकता है ?

उ - जब मनुष्य विषैले रसायनिक पदार्थों को त्याग कर पेड़-पौधों को प्यार करेगा तब संसार सुखी हो पाएगा।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।**

क) पेड़ पौधों की रक्षा के लिए आप बच्चे क्या-क्या कर सकते हैं? लिखिए।

उ - पेड़ पौधों की रक्षा के लिए हम पेड़ों से मिलने वाले फायदे के बारे में सबको समझाएँगे। प्राकृतिक खादों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे। ना स्वयं पेड़ काटेंगे और न ही किसी को काटने देंगे। अधिक से अधिक पेड़ लगाएँगे तथा मित्र एवं परिवारजनों द्वारा भी पेड़ लगवाएँगे।

ख) आप अपने घर में तथा आस-पास कौन-कौनसे पौधे लगे देखते हैं? उनसे क्या लाभ हैं? उनकी रक्षा क्यों करनी चाहिए?

उ - हम अपने घर में तथा आस-पास आम, अमरूद, नीम, कटहल, नारियल जैसे पेड़ तथा तुलसी, पुदीना, गुलाब, मिर्ची आदि के पौधे लगे देखते हैं। आम, अमरूद, कटहल, नारियल आदि पेड़ों से हमें फल तथा लकडियाँ मिलती है। नीम, बेल, तुलसी, पुदीना आदि दवाई बनाने के काम आते हैं। उनकी रक्षा हमें इसलिए करनी चाहिए क्योंकि वे हमारे लिए उपकारी हैं और उनके बिना हमारा जीना मुश्किल है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

भाषाज्ञान

१. **निम्नलिखित समान अर्थ वाले शब्द पढ़िए और समझिए -**

हाथ - हस्त, कर

धरती - पृथ्वी, भूमि

तन - शरीर, काया

फूल - पुष्प, सुमन

माँ - माता, जननी

प्यार - प्रेम, स्नेह

२. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

क) दुख - सुख

ख) मीठे - खट्टे / कड़वे

ग) विष - अमृत

घ) सुंदर - कुरूप

ङ) जन्म - मृत्यु

च) प्यार - घृणा

छ) नई - पुरानी

ज) सुखी - दुखी

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

३. क) शिकार के समय राजा दशरथ का तीर किसे लगा ?

उ- शिकार के समय राजा दशरथ का तीर श्रवण कुमार को लगा।

ख) श्रवण कुमार कौन था ?

उ- श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता का इकनौता पुत्र था।

ग) आहट सुनकर श्रवण के पिता क्या बोले ?

उ- आहट सुनकर श्रवण के पिता बोले, 'आ गए बेटा! लाओ पानी पिला दो।'

घ) श्रवण के पिता को कैसे पतालगा कि पानी पिलानेवाला उनका बेटा नहीं कोई और है ?

उ- श्रवण के पिता दशरथ को स्पर्श करके जान गये कि पानी पिलाने वाला उनका बेटा नहीं कोई और है।

ङ) गद्यांश में आए निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

अपने – पराये

पास – दूर

उत्तर – प्रश्न

दिन – रात

च) गद्यांश में से सर्वनाम छाँटकर लिखिए।

उन्होंने, वह, यह, वे

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow